रोहतक
शुक्रवार, 18 जुलाई 2025
श्रावण मास कृष्ण पक्ष, अष्टमी वर्ष : 29, अंक : 168
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

**मौसम**
अधि. 35.7
न्यून. 22.2

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 82,259.24 | 375.24 ▼ |
| निफ्टी | 25,111.45 | 100.60 ▼ |

| धातु | कीमत | गिरावट |
|---|---|---|
| सोना | 98,670/- | 200/- ▼ |
| चांदी | 1,10,500/- | 500/- ▼ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | नीचे |
|---|---|---|
| रुपया | 86.07 | 15 पैसे ▼ |
| क्रूड ऑयल 68.49 बैरल | | 0.06% ▼ |

*पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।*

## अंदर के पन्नों पर

- एक्शन मोड में खेल मंत्री, 15 अफसरों को नोटिस पेज-2
- भारतीयों व सेना के साथ छेड़छाड़ की तो नतीजे भुगतने होंगे पेज-5
- निमिषा की मदद के लिए सरकार कर रही प्रयास पेज-8

## खबर संक्षेप

### आज पीएम मोदी का बिहार और बंगाल दौरा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 18 जुलाई को बिहार और बंगाल के दौरे पर रहेंगे। वह 12,000 करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इस वह विशाल जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इनमें रेलवे, सड़क, गैस, ऊर्जा, आईटी आदि शामिल हैं। और ग्रामीण विकास जैसे अनेक क्षेत्रों की योजनाएं शामिल हैं। प्रधानमंत्री मोदी अपने दौरे की शुरुआत बिहार के मोतिहारी से करेंगे। भाषा

### बेंगलुरु में 100 करोड़ की धोखाधड़ी मामले में छापे

**बेंगलुरु।** ईडी ने बैंक के प्रवर्तकों के खिलाफ 100 करोड़ की कथित धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में बृहस्पतिवार को बेंगलुरु और उसके आसपास कई जगहों पर छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। यह जांच सुश्रुति सौहार्द बैंक, श्रुति सौहार्द बैंक व श्री लक्ष्मी सौहार्द बैंक तथा एन श्रीनिवास मूर्ति व उनके परिवार के सदस्य समेत बैंक के प्रवर्तकों से संबंधित है। भाषा

### सुनील मित्तल को ब्रिटेन की विवि ने दी मानद डॉक्टरेट की उपाधि

**नई दिल्ली।** भारती एंटरप्राइजेज के संस्थापक एवं चेयरमैन सुनील भारती मित्तल को ब्रिटेन के बाथ यूनिवर्सिटी ने डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। कंपनी ने कहा कि बाथ यूनिवर्सिटी की गिनती ब्रिटेन के साथ दुनिया के भी शीर्ष 10 विश्वविद्यालयों में होती है। भाषा

### राज्य 'गोद लेने की प्रक्रिया' में परामर्श सहायता मजबूत करें

**नई दिल्ली।** केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (सीएआरए) ने राज्य स्तरीय दत्तक ग्रहण एजेंसियों से कहा है कि वे इस प्रक्रिया में शामिल सभी पक्षों के लिए हर चरण में परामर्श सेवाओं को संस्थागत रूप से लागू करें। महिला और बाल विकास मंत्रालय ने राज्य स्तरीय दत्तक ग्रहण संसाधन एजेंसियों को निर्देश दिया है कि वे योग्य परामर्शदाताओं को नामित या पैनल में शामिल करें। भाषा

### सशस्त्रबलों को एके-203 राइफल जल्द मिलेंगी

**अमेठी।** इंडो-रशियन राइफल्स प्राइवेट लिमिटेड (आईआरआरपीएल) ने उत्तर प्रदेश के कोरवा में निर्मित एके-203 असॉल्ट राइफल की सभी 6.01 लाख इकाइयों की आपूर्ति निर्धारित समय से करीब 22 महीने पहले ही कर लेने की योजना बनाई है। आईआरआरपीएल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक मेजर जनरल एस के शर्मा ने कहा कि इन राइफल की आपूर्ति दिसंबर, 2030 तक ही पूरी करने का लक्ष्य रखा गया है। भाषा

### नौकरी के बदले जमीन घोटाला: लालू पहुंचे सुको

**नई दिल्ली।** बिहार के पूर्व सीएम और राजद के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने नौकरी के बदले जमीन मामले में निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक लगाने के उनके अनुरोध को खारिज कर देने के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ संभवतः 18 जुलाई को इस मामले की सुनवाई करेगी। भाषा

---

स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार समारोह में राष्ट्रपति मुर्मू ने किया पुरस्कृत

# करनाल को तीसरे सबसे स्वच्छ शहर का सम्मान व सोनीपत को स्वच्छता के मिनिस्टीरियल स्टार अवॉर्ड से नवाजा

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** स्वच्छ भारत अभियान के तहत आयोजित स्वच्छता सर्वेक्षण 2024–25 में हरियाणा के दो शहरों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया। राजधानी दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने करनाल को 50,000 से 3 लाख की आबादी में तीसरा सबसे स्वच्छ शहर का पुरस्कार प्रदान किया, वहीं सोनीपत को स्वच्छता के मिनिस्टीरियल स्टार अवॉर्ड से नवाजा गया। हरियाणा सरकार की ओर से प्रतिनिधित्व करते हुए यह पुरस्कार शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल, करनाल की मेयर रेणु बाला गुप्ता और सोनीपत के मेयर राजीव जैन ने ग्रहण किए। कार्यक्रम में केंद्रीय आवासन एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल भी मौजूद रहे। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने सरकार की स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की बात दोहराई और कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में आने वाले वक्त में इस दिशा में और भी अभूतपूर्व कार्य किए जाएंगे।

**गुरुग्राम 41वें स्थान पर**

*राज्य के अन्य शहरों की बात करें तो गुरुग्राम ने स्वच्छता रैंकिंग में उल्लेखनीय छलांग लगाई है। जहां पिछले साल यह देशभर में 140वें स्थान पर था, वहीं इस बार यह 41वें स्थान पर पहुंच गया है। हरियाणा में उसकी रैंकिंग अब 7वें स्थान पर है।*

### करनाल को इसलिए सम्मान

स्वच्छता सर्वेक्षण के 50,000 से 3 लाख की जनसंख्या वाले शहरों की श्रेणी में करनाल को तीसरे स्थान पर रखा गया। यह उपलब्धि प्रदेश में स्वच्छता के प्रति बढ़ती जागरूकता और सतत प्रयासों का प्रमाण है। गोयल ने कहा कि यह केवल एक पुरस्कार नहीं, बल्कि हरियाणा की स्वच्छता क्रांति का आरंभ है।



### सोनीपत को इसलिए सम्मानित किया

सोनीपत को स्वच्छता के लिए 'मिनिस्ट्रियल स्टार अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल द्वारा यह पुरस्कार प्रदान किया गया। यह अवॉर्ड सोनीपत नगर निगम की प्रतिबद्धता, प्रबंधन और नवाचार को दर्शाता है। इस स्वच्छता में दो पुरस्कार मिलने से सरकार उत्साहित है।

### स्वच्छता सर्वेक्षण में इंदौर लगातार 8वीं बार शीर्ष पर

**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्र सरकार के वार्षिक स्वच्छता सर्वेक्षण में 'सुपर स्वच्छ लीग' पुरस्कार श्रेणी के तहत इंदौर सबसे स्वच्छ शहरों में लगातार 8वीं बार शीर्ष स्थान पर रहा, जबकि सूरत और नवी मुंबई क्रमशः दूसरे और तीसरे पायदान पर हैं। वार्षिक सर्वेक्षण में 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों के लिए स्वच्छ शहर श्रेणी में अहमदाबाद ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि भोपाल और लखनऊ उसके बाद के दो स्थानों पर हैं। केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय के अनुसार, 4,500 से अधिक शहरों में बातचीत, स्वच्छता ऐप, मायजीओवी और सोशल मीडिया के माध्यम से 14 करोड़ लोगों ने सर्वेक्षण में भाग लिया। इस वर्ष चार श्रेणियों में कुल 78 पुरस्कार प्रदान किए गए।

---

## ईडी ने पहली बार किसी आपराधिक मामले में प्रियंका गांधी के पति को आरोपित बनाया

**7.50 करोड़ में जमीन लेकर 58 करोड़ में बेची**

# गुरुग्राम लैंड डील मामले में रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ चार्जशीट दायर

### वाड्रा और स्काई लाइट हॉस्पिटेलिटी की 37.64 करोड़ की 43 अचल संपत्तियां कुर्क

**नई दिल्ली (भाषा)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुग्राम के शिकोहपुर में जमीन सौदे में कथित अनियमितता से जुड़े धन शोधन के मामले में कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के कारोबारी पति रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है। आधिकारिक सूत्रों ने बृहस्पतिवार को बताया कि यह पहली बार है जब किसी जांच एजेंसी ने 56 वर्षीय वाड्रा के खिलाफ आपराधिक मामले में अधिकारिक रूप से अभियोजन शिकायत (आरोप पत्र) दाखिल की है। वाड्रा के अलावा इस चार्जशीट में कई अन्य लोगों के साथ कंपनियों के नाम भी शामिल हैं। सूत्रों ने बताया कि संघीय जांच एजेंसी ने वाड्रा और स्काई लाइट हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड जैसी उनकी अन्य संबंधित संस्थाओं से संबंधित 37.64 करोड़ रुपये मूल्य की 43 अचल संपत्तियां भी कुर्क की हैं। उन्होंने बताया कि एजेंसी ने बुधवार को पीएमएलए के तहत एक अंतिम कुर्की आदेश जारी किया। आरोप है कि इस पूरी डील में कई अनियमितताएं की गईं। हरियाणा पुलिस ने 2018 में इस सौदे से जुड़े मामले में केस दर्ज किया। आगे चलकर ईडी ने भी इस मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू की।

**गोलमाल**

- वाड्रा के अलावा चार्जशीट में कई अन्य लोगों और कंपनियों के नाम भी शामिल
- 2008 में हुआ था जमीन का सौदा
- आईएएस अशोक खेमका ने म्यूटेशन किया था रद्द



### हमने नियम नहीं तोड़े : वाड्रा

वहीं दूसरी तरफ वाड्रा ने किसी भी कानून या नियम का उल्लंघन करने से इनकार किया है। उनका कहना है कि यह मामला उनके और उनके परिवार (जिनमें लोकसभा में मौजूदा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी भी शामिल हैं) के खिलाफ 'राजनीतिक प्रतिशोध' से प्रेरित है।

### कुल 11 संस्थाओं को आरोपित बनाया

ईडी ने गुरुवार को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत आरोप पत्र यहां राउज एवेन्यू अदालत में पेश किया गया। आरोप पत्र में वाड्रा, उनसे जुड़ी स्काई लाइट हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी, सत्यानंद याजी और केवल सिंह विर्क, उनकी कंपनी ओंकारेश्वर प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड और कुछ अन्य सहित कुल 11 संस्थाओं को आरोपित बनाया है। अदालत ने अभी तक अभियोजन पक्ष की शिकायत पर संज्ञान नहीं लिया है।

### वाड्रा पर धनशोधन का आरोप : ईडी

ईडी ने आरोपपत्र में दावा किया है कि वाड्रा पर धनशोधन का आरोप है। साथ ही उसने कुर्क की गई संपत्तियों को जब्त करने की मांग की है।

### 2018 में दर्ज की प्राथमिकी

वाड्रा के खिलाफ धन शोधन का मामला गुरुग्राम पुलिस द्वारा सितंबर, 2018 में दर्ज की गई प्राथमिकी पर आधारित है, जिसमें आरोप लगाया है कि वाड्रा ने कंपनी स्काईलाइट हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लि. के माध्यम से 12 फरवरी 2008 को ओंकारेश्वर प्रॉपर्टीज प्राइवेट लि. से 7.5 करोड़ रुपये में 'झूठी' घोषणा के माध्यम से फर्जीवाड़ा कर सेक्टर 83 (गुरुग्राम) के शिकोहपुर गांव में स्थित 3.53 एकड़ जमीन की खरीद की। आरोप है कि वाड्रा ने अपने 'व्यक्तिगत प्रभाव' के जरिए उक्त भूमि पर वाणिज्यिक लाइसेंस भी प्राप्त किया। उस समय हरियाणा में भूपेंद्र सिंह हुड्डा नीत कांग्रेस की सरकार थी। चार साल बाद, सितंबर 2012 में, कंपनी ने यह जमीन रियल्टी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी डीएलएफ को 58 करोड़ रुपये में बेच दी।

### खेमका ने खारिज किया

यह भूमि सौदा अक्टूबर 2012 में विवादों में घिर गया जब भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी व तत्कालीन भूमि चकबंदी व भूमि अभिलेख महानिदेशक-सह-पंजीकरण महानिरीक्षक अशोक खेमका ने इस सौदे को राज्य चकबंदी अधिनियम और कुछ संबंधित प्रक्रियाओं का उल्लंघन बताते हुए दाखिल खारिज रद्द कर दिया। ईडी वाड्रा के खिलाफ दो अन्य मामलों में जांच कर रही है, जिनमें हथियार सलाहकार संजय भंडारी के खिलाफ मामला और दूसरा, राजस्थान के बीकानेर में एक भूमि सौदे से जुड़ा मामला शामिल है।

---

# प्रदेश में 12 घंटे में दो बार भूकंप : रात को रोहतक और दिन में झज्जर में लगे झटके

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

प्रदेश में 12 घंटे में दो बार भूकंप के झटके लगे। पहले बुधवार रात करीब 12:46 बजे रोहतक और आसपास के क्षेत्रों में 3.6 तीव्रता का भूकंप आया। इसका केंद्र रोहतक का गांव भालौठ के नजदीक का क्षेत्र रहा। झटके महसूस होते ही लोगों की नींद टूट गई। हालांकि किसी तरह के नुकसान की सूचना नहीं है, लेकिन रात भर डर का माहौल बना रहा। वहीं, दिन में दोपहर 12:34 बजे झज्जर और आसपास के जिलों में भूकंप के झटके महसूस किए। आया। इसका केंद्र झज्जर जिले में जगन्नाथ यूनिवर्सिटी के पास रहा। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 2.5 दर्ज की गई। प्रदेश में पिछले 20 दिन में 5 बार भूकंप आ चुका है।

**प्रदेश के 12 जिले संवेदनशील श्रेणी में**

### 20 दिन में पांचवीं बार झटके

- **27 जून:** महेंद्रगढ़ में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के मुताबिक, उस दिन भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 2.8 मापी गई।
- **10 जुलाई:** सुबह 9 बजकर 5 मिनट पर भूकंप आया था। करीब 10 सेकेंड तक झटके लगे थे। इसका केंद्र झज्जर था। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 4.4 थी।
- **11 जुलाई:** शाम 7 बजकर 49 मिनट पर झटके महसूस किए गए। इसका केंद्र भी झज्जर रहा। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक, रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.7 रही।
- **16-17 जुलाई:** रात 12.46 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। इसका केंद्र रोहतक रहा। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.6 दर्ज की गई।
- **17 जुलाई :** दोपहर 12:34 बजे भूकंप आया। इसका केंद्र झज्जर में रहा। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 2.5 मापी गई।

### ये जिले संवेदनशील

भूकंप के लिहाज से हरियाणा में 12 जिले संवेदनशील हैं। इनमें रोहतक, पानीपत, करनाल, महेंद्रगढ़, पंचकूला, अंबाला, सोनीपत, गुरुग्राम, झज्जर, नूंह, पलवल और फरीदाबाद शामिल हैं। धरती की सतह मुख्य तौर पर 7 बड़ी और कई छोटी-छोटी टेक्टोनिक प्लेट्स से मिलकर बनी है। ये प्लेट्स लगातार तैरती रहती हैं और कई बार आपस में टकरा जाती हैं। टकराने से कई बार प्लेट्स के कोने मुड़ जाते हैं ये टूटने लगती हैं। इससे भूकंप आता है।

---

## आदिवासी महिला पैतृक संपत्ति में समान हिस्सेदारी की हकदार

**नई दिल्ली (भाषा)।** सुप्रीम कोर्ट ने बृहस्पतिवार को कहा कि आदिवासी महिला या उसके कानूनी उत्तराधिकारी पैतृक संपत्ति में समान हिस्सेदारी के हकदार होंगे। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि महिला उत्तराधिकारी को संपत्ति में अधिकार देने से इनकार करने से लैंगिक विभाजन और भेदभाव बढ़ता है, जिसे कानून द्वारा समाप्त किया जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि न्याय और समानता के सिद्धांत को लागू करते समय न्यायालयों को उपरोक्त बातों का ध्यान रखना होगा और इस खुले सिद्धांत को प्रासंगिक रूप से लागू करना होगा।

**सुप्रीम कोर्ट ने कहा, न्याय व समानता के सिद्धांत लागू करते समय न्यायालय ध्यान रखें**

## ब्रिटेन में वोट देने की उम्र 16 साल विदेशी दखल रोकेगा नया रूल

**इंग्लैंड (एजेंसी)।** ब्रिटेन में अब वोट डालने की न्यूनतम उम्र अब 18 से घटकर 16 साल हो गई है। सरकार ने ऐलान किया है कि अब 16 और 17 साल के युवा भी अगले आम चुनाव में वोटिंग कर सकते हैं। ब्रिटेन में चुनावी प्रणाली में यह बदलाव 56 साल में हुआ है। ब्रिटेन में मतदान की उम्र में आखिरी बार बदलाव 1969 में हुआ था, जब इसे 21 से घटाकर 18 साल किया गया था। इसके अलावा ब्रिटेन की सरकार ने एक नया नियम बनाया है जिसके तहत अब कोई भी राजनीतिक पार्टी विदेश से 500 पाउंड (लगभग 58,000 रुपये) से ज्यादा का चंदा नहीं ले सकेगी।



ब्रिटेन में 56 साल बाद बड़ा बदलाव

## अमरनाथ यात्रा के रूट पर भूस्खलन से महिला की मौत

**जम्मू (भाषा)।** जम्मू-कश्मीर में लगातार बारिश की वजह से अमरनाथ यात्रा रूट पर लैंडस्लाइड हुई। गंदेरबल जिले में बालटाल मार्ग पर हुए भूस्खलन में एक महिला तीर्थयात्री की मौत हो गई, तीन घायल हो गए। इससे गुरुवार को यात्रा दिनभर के लिए रोक दी गई। रास्ता ठीक होने के बाद ही यात्रा शुरू होगी। भारी बारिश के कारण सड़क पर काफी मलबा बहकर आ गया है, जिस कारण श्रद्धालुओं को आगे की यात्रा कर पाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, मौसम विभाग का कहना है कि जम्मू में शुक्रवार को भी भारी बारिश के आसार हैं।

**एक दिन के लिए यात्रा रोकी गई पहले रास्ता ठीक किया जाएगा, उसके बाद यात्रा शुरू होगी**

## अब पहाड़ों तक 'आसमान से दवाएं' अत्याधुनिक ड्रोन पोर्ट पर पहुंचेंगी

**ईटानगर (एजेंसी)।** एक समय था जब उत्तर-पूर्वी राज्य केवल विकास के सपने ही देखा करते थे। सुदूर अरुणाचल प्रदेश ने आपातकालीन और चिकित्सा सेवाओं के क्षेत्र में एक ऐसी पहल शुरू की है, जो न केवल राज्य के लिए बल्कि पूरे देश के लिए एक क्रांतिकारी बदलाव का मार्ग प्रशस्त कर सकती है। अरुणाचल देश का पहला राज्य बनने जा रहा है जहां पर 'आसमान से दवाएं' डिलीवरी करने का सपना पूरा होने जा रहा है। नाहरलागुन नामक शहर में स्थित अस्पताल में ये शुभारंभ हो रहा है। यहां अत्याधुनिक ड्रोन पोर्ट का उद्घाटन किया है। यह ड्रोन पोर्ट अस्पताल की छत पर स्थापित किया है।



अरुणाचल ड्रोन से डिलीवरी शुरू

## अमेरिका ने 20 जनवरी से अब तक 1563 भारतीयों को निर्वासित किया

**नई दिल्ली (भाषा)।** विदेश मंत्रालय ने बताया कि अमेरिका ने जनवरी से अब तक कुल 1,563 भारतीय नागरिकों को निर्वासित किया है। पिछले सप्ताह ही एक समूह वापस आया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, ज्यादातर भारतीयों को व्यावसायिक उड़ानों से वापस भेजा गया। 20 जनवरी से 16 जुलाई तक करीब 1563 भारतीय नागरिकों को निर्वासित किया है और इनमें से ज्यादातर भारतीय नागरिक व्यावसायिक उड़ानों से लौटे हैं। जायसवाल ने बताया कि भारतीय नागरिकता की पुष्टि होने के बाद ही लोगों को निर्वासित किया जाता है।

**विदेश मंत्रालय ने कहा, भारतीयों को व्यावसायिक उड़ानों से वापस भेजा गया**

---

**लद्दाख में आकाश प्राइम का सफल परीक्षण**

# 4500 मीटर की ऊंचाई पर दो ड्रोन मार गिराए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय सेना ने लद्दाख में स्वदेशी रूप से विकसित एयर डिफेंस सिस्टम 'आकाश प्राइम' का सफल परीक्षण किया। इस एडवांस मिसाइल सिस्टम को रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने विकसित किया है। गुरुवार को इसका वीडियो जारी किया गया। इस सिस्टम से पूर्वी लद्दाख में यह 15,000 फीट (4500 मीटर) से अधिक की ऊंचाई पर उड़ रहे दो ड्रोन मार गिराए। आकाश प्राइम, आकाश वेपन सिस्टम का नया और एडवांस वर्जन है। इसे ऊंचाई और कम ऑक्सीजन वाले इलाकों में इस्तेमाल करने के लिए बनाया गया है।

### दागो और भूल जाओ मोड पर करेगा काम

सिस्टम के हरेक लॉन्चर में तीन मिसाइलें हैं, जो 'दागो और भूल जाओ' मोड में काम करती हैं। ये मिसाइलें लगभग 20 फीट लंबी और 710 किग्रा वजनी हैं। प्रत्येक मिसाइल 60 किलोग्राम का वारहेड ले जा सकती है। इसके साथ ही यह सिस्टम पूरी तरह ऑटोमैटिक है। रिपोर्ट्स के अनुसार, पूरी आकाश मिसाइल प्रणाली के विकास में लगभग 1,000 करोड़ रुपये (17 करोड़ डॉलर) की लागत आई है। यह अन्य देशों में विकसित ऐसी ही प्रणालियों के मुकाबले 8-10 गुना कम है। यह बताता है कि भारत कम लागत पर हाई-क्वालिटी वाली रक्षा तकनीक विकसित करने में सक्षम है।

---

**रोजगार** मुख्यमंत्री सैनी का ऐलान, हरियाणा कॉन्ट्रैक्टर सक्षम युवा योजना शुरू

*प्रशिक्षित युवाओं को हरियाणा इंजीनियरिंग वर्क्स पोर्टल पर किया जाएगा सूचीबद्ध*

# प्रदेश में आईटीआई डिप्लोमा धारक और बीटेक युवा अब बनेंगे ठेकेदार

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुवार को कहा कि राज्य सरकार ने आईटीआई, डिप्लोमा और इंजीनियरिंग (बीटेक) डिग्री धारक बेरोजगार शिक्षित युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान करके उन्हें वर्क्स कॉन्ट्रैक्टर यानी ठेकेदार के रूप में काम करने के लिए सक्षम बनाने हेतु नई योजना 'हरियाणा कॉन्ट्रैक्टर सक्षम युवा योजना' शुरू की है। इसके तहत निर्धारित प्रशिक्षण पूरा करने के बाद युवाओं को हरियाणा इंजीनियरिंग वर्क्स पोर्टल (एचईडब्ल्यूपी) पर सूचीबद्ध किया जाएगा। मुख्यमंत्री सैनी ने एचईडब्ल्यूपी) की समीक्षा बैठक के दौरान ये ऐलान किए।

### 90-दिवसीय प्रशिक्षण देंगे

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि इस योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि अधिक से अधिक युवा इसका लाभ उठा सकें। हरियाणा कॉन्ट्रैक्टर सक्षम युवा योजना इंजीनियरिंग योग्यता प्राप्त युवाओं को अपने क्षेत्र में करियर के नए अवसर प्रदान करेगी। उद्यमशीलता के बेहतर रास्ते खुलेंगे। कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण निदेशालय ने योजना के तहत पात्र एवं इच्छुक इंजीनियरिंग युवाओं के पंजीकरण के लिए वेब पोर्टल **https://stt.itiharyana.gov.in** लॉन्च किया है। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय, पलवल में निर्धारित 90-दिवसीय प्रशिक्षण पूरा करने के बाद, युवा एचईडब्ल्यू पोर्टल पर सूचीबद्ध होने के लिए पात्र होंगे।



### ठेकेदारों के लिए सुगम पंजीकरण व्यवस्था

सैनी ने निर्देश दिए कि बाधा मुक्त अनुभव सुनिश्चित करने के लिए एचईडब्ल्यूपी पर ठेकेदार पंजीकरण के लिए स्पष्ट मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) परिभाषित की जाए। एक बार अपेक्षित दस्तावेज ऑनलाइन जमा कर दिए जाने के बाद, ठेकेदारों को आगे की प्रक्रिया के लिए किसी भी सरकारी कार्यालय में जाने की आवश्यकता न हो। उन्होंने सम्बंधित सभी विभागों को ऑनलाइन माध्यम से ठेकेदारों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। वर्तमान में 20,709 ठेकेदार जुड़े हुए हैं, जिनमें से 6,476 पंजीकृत हैं।

### हरियाणा में 'भविष्य विभाग' का गठन, मिशन हरियाणा-2047 की देखरेख भी करेगा

हरियाणा ने एआई व कौशल विकास के सहारे विजन 2047 को अमलीजामा पहनाने के मकसद से 'भविष्य विभाग' का गठन किया है। विभाग राज्य को भविष्य में पेश आने वाली संभावित चुनौतियों और अवसरों की पहचान करने के लिए नियमित तौर पर हॉराइजन स्कैनिंग, प्रवृत्ति विश्लेषण और परिदृश्य विकास कार्य करेगा। साथ ही, 'विजन 2047' के तहत उच्च मूल्य वाले क्षेत्रों में विकास विविधीकरण पर केन्द्रित व्यापक दीर्घकालीन रणनीतियां भी बनाएगा। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा हरियाणा सरकार कार्य (आबंटन) नियम, 2025 की अधिसूचना जारी की गई है। यह विभाग राज्य के सकल घरेलू उत्पाद को 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के स्तर तक बढ़ाने और राज्य में रोजगार लक्ष्यों को पूरा करने के लिए मिशन हरियाणा-2047 की देखरेख भी करेगा।

## खबर संक्षेप



फतेहाबाद। जुगाड़ रेहड़ी का चालान काटते ट्रैफिक पुलिस कर्मचारी

### बाइक पर जुगाड़ की रेहड़ी 22 हजार का चालान काटा

**फतेहाबाद।** ट्रैफिक नियमों की उल्लंघना करने और जुगाड़ वाहन चलाने वालों के खिलाफ फतेहाबाद पुलिस ने विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान टीम ने शहर में अनेक स्थानों पर वाहनों की चैकिंग की। इस दौरान एक जुगाड़ रेहड़ी चालक को ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन काफी महंगा पड़ गया। ट्रैफिक पुलिस ने रेहड़ी चालक का 22 हजार रुपये का चालान काट दिया। चालक ने बाइक पर ही जुगाड़ से रेहड़ी बनाई हुई थी, जिस पर अनधिकृत तरीके से भारी सामान भी लोड किया हुआ था।

### 12 विधायकों की हाई पावर कमेटी आज फतेहाबाद में

**फतेहाबाद।** प्रदेश के लगभग सभी जिलों में दूषित पेयजल आपूर्ति और सीवरेज प्रणाली में खामियों के मद्देनजर सरकार द्वारा गठित हाई पावर कमेटी शुक्रवार को फतेहाबाद में विजीट करेगी। इस कमेटी में पक्ष और विपक्ष के 12 विधायक शामिल हैं। यह विधायक उच्चाधिकारियों के साथ फतेहाबाद में हो रही दूषित पेयजल सप्लाई व जगह-जगह ठप्प सीवरेज प्रणाली का निरीक्षण करेंगे।

### वन्यजीव अंगों की तस्करी करने वाला गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** वन्य प्राणी विभाग को वन्य जीवों की तस्करी करने के मामले में एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। विभाग ने छापा मारकर पुलिस की मदद से सेक्टर.आठ स्थित एक मकान से वन्य प्राणियों के उत्पाद (अंग) बरामद किए हैं। टीम ने उत्पादों को बरामद करके कब्जे में ले लिया है। मिले कॉटेक्ट नंबर्स के आधार पर पुलिस अन्य अन्य तस्करों को पकड़ेगी।

---

**रोहतक में बुधवार रात 3.3 और झज्जर में आया गुरुवार दोपहर 2.5 तीव्रता का भूकंप**

# प्रदेश में लगातार आ रहे भूकंप के झटकों से डरना जरूरी है!

### दिल्ली-बहादुरगढ़ भूकंपीय जोन-4 में आते हैं, यह क्षेत्र तीव्र भूकंपों के लिए जोखिम वाला

रवींद्र राठी ▶▶| बहादुरगढ़

गुरुवार को एक बार फिर भूकंप के झटकों से बहादुरगढ़ के अलावा कई प्रदेश के कई शहर दहल गए। बुधवार देर रात आए भूकंप का केंद्र सांपला रहा। हालांकि इस भूकंप से किसी तरह के जान-माल के नुकसान की खबर नहीं मिली। लगातार आ रहे भूकंप के झटके इलाके के लिए खतरे की घंटी है। दिल्ली-बहादुरगढ़ भूकंपीय जोन-4 में आता है, यह मध्यम से तीव्र भूकंपों के लिए जोखिम वाला क्षेत्र माना जाता है। बता दें कि बुधवार देर रात 12 बजकर 46 मिनट पर 3.3 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप का केंद्र सांपला के निकट धरती के 10 किलोमीटर नीचे था। लोगों ने 2 से 5 सेकेंड तक कंपन महसूस की। वीरवार को दोपहर 12 बजकर 34 मिनट पर झज्जर में फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 2.5 रही। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के अनुसार इससे पहले झज्जर जिले में 10 जुलाई को सुबह 9:04 और 9:06 बजे दो मिनट के अंतराल में 4.4 तीव्रता के भूकंप के झटके आए थे। अगले दिन 11 जुलाई को यहां 3.7 तीव्रता का भूकंप आया था। दिल्ली-एनसीआर में लगातार आ रहे भूकंप के झटकों से हर कोई सहमा हुआ है। क्योंकि लगभग 90 प्रतिशत भूकंप टेक्टॉनिक प्लेट्स के मूवमेंट के कारण आते हैं।

#### धरती के भीतर प्लेट टेक्टॉनिक में होने वाली हलचल की वजह से खतरा



दिल्ली-एनसीआर भूकंप के लिहाज से संवेदनशील जोन-4 में आते हैं। धरती के भीतर प्लेट टेक्टॉनिक में होने वाली हलचल की वजह से दिल्ली-एनसीआर जैसे इलाकों में भूकंप का खतरा सबसे ज्यादा है। भूकंप की तीव्रता, अंतराल और क्षेत्र की आर्थिक सामाजिक स्थिति से इसकी भयावहता तय होती है। अमूमन भूकंप 35 से 40 सेकेंड का आता है। अगर यही भूकंप दो मिनट का हो, तो भयानक नुकसान हो सकता है। हमें नुकसान को सीमित रखने के लिए तकनीक का इस्तेमाल कर भूकंपरोधी इमारतें बनानी चाहिएं। **-डॉ. राजेश कुमार प्रिंसिपल**, भू-विज्ञान विशेषज्ञ एवं राजकीय महाविद्यालय बहादुरगढ़

#### कभी-कभार यह फ्रीक्वेंसी बढ़ जाती है, तो कभी हो जाती है कम



दिल्ली-एनसीआर में मौजूद तीन फॉल्ट लाइन की वजह से ये भूकंप आ रहे हैं। कभी-कभार यह फ्रीक्वेंसी बढ़ जाती है, तो कभी कम हो जाती है। रिक्टर स्केल भूकंप की तीव्रता मापने का एक गणितीय पैमाना है। इसे रिक्टर मैग्नीट्यूड टेस्ट स्केल कहा जाता है। यह एक लघुगुणक आधारित स्केल होता है, जो भूकंप की तरंगों की तीव्रता को मापता है। इसके अंतर्गत प्रति स्केल भूकंप की तीव्रता 10 गुणा बढ़ जाती है और भूकंप के दौरान जो ऊर्जा निकलती है, वह प्रति स्केल 32 गुणा बढ़ जाती है। **-सहायक प्रोफेसर मेहर सिंह**, महिला महाविद्यालय बहादुगढ़

#### हर साल इंडियन प्लेट करीब चार सेंटीमीटर तक नीचे खिसकती है



पर्यावरण में बदलाव के चलते भूकंप के केंद्रों में भी बदलाव आ रहा है। हर साल इंडियन प्लेट करीब चार सेंटीमीटर तक यूरेशियन प्लेट के नीचे खिसक जाती है। जब भूकंप आता है तो सबसे ज्यादा खतरा उन भवनों को होता है, जो पिलर पर खड़ी नहीं होती हैं। ऐसे में रेट्रोफिटिंग एक कारगर तरीका है। रेट्रोफिटिंग बिना पिलर वाली इमारतों को काफी हद तक जोड़ देती है और दीवार अलग-अलग नहीं हिलती हैं। कई देशों में पुरानी इमारतों को भूकंपरोधी बनाने के लिए बेस आइसोलेशन तकनीक अपनाई जा रही है। **-सहायक प्रोफेसर अश्वनी कुमार**, भूगोल विभाग, राजकीय महाविद्यालय छारा

---

**पिहोवा: यूरिया की किल्लत और कालाबाजारी को लेकर किसानों ने हिसार-चंडीगढ़ हाईवे किया जाम**

# कृषि अधिकारी को बंधक बनाया, हाथ पकड़ हाईवे तक खींचा, धूप में खड़ा किया

- अधिकारी पर पेस्टीसाइड संचालकों के साथ मिलीभगत कर यूरिया की कालाबाजारी का आरोप लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा





**पिहोवा।** कृषि अधिकारी प्रदीप कुमार का घेराव कर हंगामा करते किसान एवं हिसार-चंडीगढ़ हाईवे पर जाम लगाया हुए। फोटो : हरिभूमि

पिहोवा में यूरिया की किल्लत और कालाबाजारी को लेकर किसानों का गुस्सा फूट पड़ा। किसानों ने कृषि अधिकारी को किसान रेस्ट हाउस में बंधक बना लिया। हाथ पकड़कर हाईवे तक खींचा, बीच सड़क धूप में भी खड़ा कर दिया। अधिकारी पर पेस्टीसाइड संचालकों के साथ मिलीभगत कर यूरिया की कालाबाजारी का आरोप लगाया है। किसान विभाग से यूरिया की जानकारी मांग रहे हैं। दरअसल, बीते दिन किसानों ने कृषि विभाग से जानकारी मांगी थी कि पिहोवा एरिया में किन-किन फर्मों के पास कितना यूरिया मौजूद है। किसान चाहते थे कि उन्हें तय मात्रा के अनुसार यूरिया मिले, मगर अधिकारियों ने गोलमोल जवाब देकर टालने की कोशिश की। किसानों ने अधिकारियों को 1 दिन का अल्टीमेटम दिया था। किसानों ने प्रदर्शन किया अल्टीमेटम के बाद भी किसानों की मांग पूरी नहीं हुई। इस पर सुबह करीब 11 बजे सैकड़ों किसान पिहोवा के रेस्ट हाउस में इकट्ठा हुए और विभाग के खिलाफ प्रदर्शन शुरू कर दिया। हंगामे की सूचना पर कृषि अधिकारी प्रदीप कुमार मौके पर पहुंचे। यहां किसानों ने उनसे स्पष्ट तौर पर जानकारी मांगी, मगर टालमटोल के चलते किसानों का गुस्सा भड़क गया और उनको रेस्ट हाउस में बंधक बना लिया।

#### मिलीभगत का आरोप

किसान नेता प्रिंस वड़ैच ने आरोप लगाया कि एरिया में यूरिया की कालाबाजारी हो रही है। इसमें कृषि अधिकारी खाद विक्रेता के साथ मिले हुए हैं। यूरिया की जानकारी छिपाई जा रही है ताकि बाद में यूरिया को अपनी मनमर्जी के रेट पर बेचा जा सके। अधिकारी यूरिया की जानकारी देने से बच रहे हैं।

#### पुलिस और तहसीलदार पहुंचे

सूचना पर पुलिस और प्रशासन मौके पर पहुंच गया। एसएचओ सिटी जानपाल सिंह और तहसीलदार किसानों को समझाने में जुटे हैं, मगर किसान अपनी मांग पर डटे हुए हैं। उनका साफ कहना है कि उन्हें यूरिया की जानकारी उपलब्ध कराई जाए। जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होगी अधिकारी उनके साथ रेस्ट हाउस में बंधक बनकर रहेंगे।

---

**फतेहाबाद: दो मौतों से परिवार पर दु:खों का पहाड़ टूटा**

## पत्नी की मौत के आधे घंटे बाद पति ने तोड़ा दम, एक साथ जलीं दो चिताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

शहर की अग्रवाल कालोनी में बुधवार रात को आधे घंटे के अंतराल में पत्नी और पति दोनों ने अपने प्राण त्याग दिए। एक साथ घर में दो मौतें होने से परिवार पर दुःखों का पहाड़ टूट पड़ा और पूरी कालोनी में शोक की लहर दौड़ गई। वीरवार को गमगीन माहौल में फतेहाबाद शिवपुरी में दोनों का एक-साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान वहां मौजूद हर व्यक्ति की आंखें नमः थी। अग्रवाल कॉलोनी निवासी रामकुमार शर्मा पत्नी 45 वर्षीय ममता व दो बेटों के साथ अपना जीवन यापन कर रहे थे। रामकुमार शर्मा विद्युत निगम में कर्मचारी थे। वर्तमान में उनकी ड्यूटी विद्युत निगम सिरसा में लगी हुई थी। रामकुमार शर्मा के भतीजे शुभम शर्मा ने बताया कि चाची ममता शर्मा बीमार थी। बुधवार को मौत हो गई। जब इसकी सूचना ममता शर्मा के पति रामकुमार शर्मा को दी तो वह तुरंत ही निढाल हो गए। इसके बाद उन्हें भी अस्पताल ले जाया गया तो डॉक्टरों ने उन्हें भी मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों के अनुसार रामकुमार शर्मा अपनी पत्नी की मौत का सदमा सहन नहीं कर सके और हार्ट अटैक से उनकी भी मौत हो गई है। इस घटना से पूरी अग्रवाल कॉलोनी में सन्नाटा पसरा है। मृतक दंपति के दो पुत्र 16 से 20 आयु के बताए गए हैं।

## नूंह: हत्या के 11 दोषियों को आजीवन कारावास की सजा और जुर्माना

**नूंह।** जिले के आटा गांव में सितंबर 2020 में हुई हिंसक झड़प और हत्या के मामले में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अजय कुमार वर्मा की अदालत ने गुरुवार को 11 दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। प्रत्येक दोषियों पर 55,000 रुपये तक का जुर्माना भी लगाया गया है। यह मामला हरिजन और बाल्मिकी समुदाय के बीच हुए विवाद से जुड़ा है, जिसमें वेदराम पुत्र हेतराम की हत्या कर दी गई थी। घटना की शुरुआत 15 सितंबर 2020 को हुई, जब त्रिलोक निवासी आटा ने 9 वर्षीय बेटे प्रिंस पुत्र गोतम को दूसरे पक्ष ने पीट दिया था। इस घटना के बाद पीड़ित गौतम और बीर सिंह ने त्रिलोक से इसका कारण पूछा, जिसके जवाब में त्रिलोक ने बीर सिंह को थप्पड़ मारा और गाली- गलौच की। 16 सितंबर 2020 को राकेश और राजेश को हरिजन चौपाल के पास लाठी, सरिया और डंडों से पीटा गया।

---

**हेरोइन के साथ पकड़े गए युवक को छुडाने की कोशिश**

## नरवाना में पुलिस पार्टी पर हमला, दो कर्मी घायल

- आरोपित के कब्जे से 14 .70 ग्राम हेरोइन को किया बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद




नशे के खिलाफ चमेला कालोनी में पहुंचे पुलिसकर्मियो के साथ कुछ लोगों ने हमला कर हैरोइन के साथ पकड़े गए व्यक्ति को छुडवाने की कोशिश की। हमले में दो पुलिस कर्मी घायल हो गए। पुलिस ने व्यक्ति के कब्जे से 14.70 ग्राम हैरोइन बरामद की है। शहर थाना पुलिस ने सीआईए नरवाना प्रभारी की शिकायत पर पकड़े गए व्यक्ति को नामजद कर 14 अन्य के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम, सरकारी कार्य में बाधा डालने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पकड़े गए आरोपित पर पहले भी मामले दर्ज हैं। सीआईए नरवाना प्रभारी सुखदेव सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सीआईए स्टाफ की दो टीमें चमेला कालोनी मे नशा रोकने के सिलसिले में पहुंची थी। एएसआई अवतार सिंह तथा हवलदार हरदीप ने एक संदिग्ध व्यक्ति को रोकने की कोशिश की तो वह भागने लगा। जिस पर दोनों पुलिसकर्मियों ने व्यक्ति को पकड़ कर लिया। उसी दौरान कुछ लोगों ने एएसआई अवतार सिंह व हवलदार हरदीप पर हमला कर दिया और पकड़े गए व्यक्ति को छुड़ाने की कोशिश की। जिसमें दोनो पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिसबल के साथ मौके पर पहुंच गए और दोनों पुलिसकर्मियों को छुडवा नागरिक अस्पताल पहुंचाया।



**यमुनानगर।** जगाधरी स्थित मटका चौक पर जाम लगाने के दौरान कांवड़ियों को समझाती पुलिस। फोटो : हरिभूमि

## कार की टक्कर से खंडित हुई कांवड़ कांवड़ियों मटका चौक किया जाम

**पुलिस के दोबारा कांवड़ भरवाने के आश्वासन पर माने**

**यमुनानगर।** जगाधरी के मटका चौक पर बीती रात क्रेटा कार ने कांवड़ को टक्कर मार दी। जिससे कांवड़ खंडित हो गई। हालांकि हादसे में कांवड़ियों को कोई चोट नहीं आई। गुस्साएं कांवड़ियों ने जगाधरी के मटका चौक के पास बीच सड़क पर वाहन खड़ा कर जाम लगा दिया। सूचना मिलते ही एएसपी व डीएसपी समेत अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने हरिद्वार से दोबारा से कांवड़ भरवाने का आश्वासन देकर कांवड़ियों को शांत किया। इसके बाद कांवड़िए शांत हुए और जाम खोला। हिमाचल प्रदेश के बद्दी निवासी राहुल ने बताया कि वह हरिद्वार से कांवड़ लेकर अपने गणतव्य पर जा रहा था। जब वह जगाधरी के मटका चौक के पास पहुंचा तो तेज गति से एक क्रेटा कार आई। चालक ने शराब पी हुई थी। कार चालक ने उसकी कावड़ को टक्कर मार दी।

---

**मंत्रिमंडल कमेटी ने किया मंथन, 31 दिसंबर तक संभावना**

**कमेटी जिलों से उपायुक्तों की रिपोर्ट का फीड बैक लेंगी**

# साल के अंत तक नए जिले और उपमंडल गठन का विकल्प खुला

- जनगणना के लिए नोटिफिकेशन के कारण लग गया था विराम

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा प्रदेश में 31 दिसंबर से पहले कई जिले बनने का विकल्प खुल गया है, इस बारे में कैबिनेट कमेटी का समय बढ़ा दिया गया है। कमेटी ने इस बारे में आने वाली अड़चनों को लेकर बातचीत भी की है, जिसके बाद में इस साल के अंत से पहले पहले नए जिलों और उपमंडल के गठन और घोषणा का विकल्प खुला है। राज्य सरकार और आला अफसरों ने हरी झंडी दी, तो इस साल की समाप्ति से पहले ही नए जिलों का इंतजार करने वाले लोगों को सौगात दी जा सकती है। नए जिले बनाने के लिए गठित कमेटी अध्यक्ष और कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने पूछे जाने पर इस बात की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में हांसी, डबवाली और गोहाना मानेसर को नए जिले बने की जनता की ओर से लगातार मांग उठ रही है, इस बारे में लिखित मांग पत्र भी समय समय पर आए हैं। जिलों के साथ साथ में सब डिवीजन (उपमंडल) और तहसील और गांव के तहसील में बदलाव करने के कुल 72 आवेदन आए हैं। इनको लेकर भी विचार मंथन चल रहा है। पंवार ने कहा कि नए जिले और तहसील आदि बनाने के निर्धारित मापदंड हैं, जिनके पूरा करने पर ही जिला, उपमंडल और तहसील आदि घोषित किए जाते हैं। लेकिन जनगणना संबंधी नोटिफिकेशन जारी होने के कारण इस पर रोक की चर्चा चल पड़ी थी। लेकिन राज्य सरकार के आला अफसरों और मंत्रियों ने इस बारे में लीगल राय और इस तरह के मामलों के विशेषज्ञों ने विचार कर लिया है। दिसंबर के अंत तक राज्य सरकार चाहे, तो नए जिलों और उपमंडल का एलान कर सकती है। पंवार ने कहा कि जहां पर भी सरकार के निर्धारित मापदंड पूर्ण होंगे सरकार गंभीरता से विचार करेगी। किसी भी सिफारिश पर विचार करने से पूर्व में जिला उपायुक्तों से भी रिपोर्ट मांगी जाएगी।

#### विशेषज्ञों की राय ले ली गई

मंत्री कृष्ण पंवार ने कहा कि जनगणना आदि को लेकर लीगल और विशेषज्ञों की राय ले ली गई है, इसलिए 31 तक का विकल्प खुला हुआ है। नए जिलों के निर्माण को लेकर कैबिनेट सब-कमेटी का कार्यकाल भी समाप्त हो गया था, जिसको बढ़ा दिया गया है। अब उसके बाद में कमेटी ने विचार मंथन कर लिया है। आने वाले दिनों में एक बार फिर से कमेटी बैठक बुला सकती है। नए जिलों के निर्माण पर अंतिम रिपोर्ट और जिला उपायुक्तों की रिपोर्ट सीएम के पास भेज दी जाएगी। कमेटी की तरफ से होमवर्क पूरा कर लिया गया है।



